कुल प्रश्नों की संख्या : 18 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

# D-191001–B

## विषय : हिन्दी ( विशिष्ट )

समय : 3 घण्टे ]

[ पूर्णांक : 75

*निर्देश* : (*i*) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिसके खण्ड (अ) में रिक्त स्थानों की पूर्ति संबंधी प्रश्न, खण्ड (ब) में बहुविकल्पीय प्रश्न एवं खण्ड (स) में उचित संबंध जोड़ने संबंधी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। इनके उत्तर लगभग *30* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। इनके उत्तर लगभग *50* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। इनके उत्तर लगभग *75* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 16 पत्र-लेखन से संबंधित है। यह दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। इसका उत्तर लगभग *100* शब्दों में लिखिए। इसमें 5 अंक निर्धारित है।

http://www.cgboardonline.com

(*vii*) **प्रश्न क्रमांक 17 निबंध लेखन से संबंधित हैं। इसका उत्तर लगभग 250 से 300 शब्दों में दीजिए। इसमें 8 अंक निर्धारित हैं।**

(*viii*) **प्रश्न क्रमांक 18 अपठित गद्यांश से संबंधित है। इसमें 5 अंक निर्धारित है।**

---

5 **प्रश्न-1** **( खण्ड-अ )** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(*i*) आरसी प्रसाद सिंह को —— का कवि कहा जाता है।

(*ii*) 'मुँरैठा' शब्द का अर्थ —— है।

(*iii*) शहीद वीरनारायण सिंह का जन्म सन् —— में हुआ था।

(*iv*) चित्त को प्रसन्न करने वाला गुण —— गुण होता है।

(*v*) मधुलिका के प्रेमी का नाम —— था।

5 **( खण्ड-ब )** सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(*i*) 'चेहरा खिल उठना' मुहावरा का अर्थ है :

(*अ*) नाराज होना (*ब*) खुश हो जाना

(*स*) भाग जाना (*द*) उदास होना

(*ii*) 'माई की बगिया' तपोभूमि है :

(*अ*) पुलत्स्य ऋषि की (*ब*) कपिल ऋषि की

(*स*) विश्वामित्र ऋषि की (*द*) मार्कण्डेय ऋषि की

(*iii*) 'एक था पेड़, एक था ठूँठ' पाठ किस विधा में लिखा गया है ?

(*अ*) निबंध (*ब*) कहानी

(*स*) संस्मरण (*द*) एकांकी

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

(*iv*) **जेबकतरा ने पैसे भेजे थे :**

(*अ*) **दोस्त को** (*ब*) **बहन को**

(*स*) **माँ को** (*द*) **पिता को**

(*v*) **'धरती के हीरा' किसे कहा गया है ?**

(*अ*) सोना (*ब*) मनुष्य

(*स*) हीरा (*द*) देवता

**( खण्ड-स )** उचित संबंध जोड़िए : [1×5=5]

| | ( क ) | | ( ख ) |
|---|---|---|---|
| (*i*) | घीसा | – | शहीद वीरनारायण सिंह |
| (*ii*) | सदाचार का ताबीज | – | रामधारी सिंह 'दिनकर' |
| (*iii*) | बिखरे मोती | – | महादेवी वर्मा |
| (*iv*) | सोनाखान | – | सुभद्रा कुमारी चौहान |
| (*v*) | जनतंत्र का जन्म | – | हरिशंकर परसाई |

**प्रश्न-2** अलसी के मनोभावों का वर्णन कीजिए। [2]

**प्रश्न-3** भारतेन्दु जी के नाम को छोड़कर भारतेन्दु युग के किन्हीं दो प्रमुख साहित्यकारों के नाम लिखिए। [1+1=2]

**प्रश्न-4** सूनापन दूर करने के लिए कवि कौन-कौन से उपाय करता है ? [2]

**प्रश्न-5** निम्नलिखित के समास-विग्रह कर समास के नाम लिखिए : [1+1=2]

(*i*) कोपाकुल (*ii*) जंतर-मंतर



http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-6** मधुलिका ने पुरस्कार के रूप में राजा से प्राणदण्ड क्यों माँगा ? [2]

**प्रश्न-7** छत्तीसगढ़ के किन्हीं छः लोक-विधाओं के नाम लिखिए। [3]

**प्रश्न-8** अंग्रेजों के दावत पर आने के पहले बाबा ने कौन-सी तसवीर हटवा दी ? उन्होंने उस तसवीर को क्यों हटवाया होगा ? अपने विचार लिखिए। [1+2=3]

**प्रश्न-9** भक्तिकाल की तीन विशेषताएँ लिखिए। [1+1+1=3]

**प्रश्न-10** घीसा ने अन्त में गुरु साहिबा को क्या भेंट दी ? यह भेंट सामग्री उसने कैसे जुटाई ? [3]

**प्रश्न-11** मरिया भात क्या है ? मरिया प्रथा ने सिकुमार की जिन्दगी को किस तरह बदल दिया ? [4]

*अथवा*

विवाह पूर्व लड़की की मायके के प्रति कैसी जिम्मेदारी होती है और विवाह पश्चात् ससुराल में उसके क्या-क्या दायित्व होते हैं ? लिखिए।

**प्रश्न-12** 'जीवन का झरना' कविता में मानव का मृत हो जाना क्यों और कब बताया गया है ? लिखिए। [4]

*अथवा*

आज की परिस्थितियों में एक आदर्श व्यक्ति के जीवन की क्या-क्या विशेषताएँ हो सकती हैं ? लिखिए।



http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

प्रश्न-13 निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या कीजिए : [4]

अजहूँ न निकसे प्रान कठोर

दरसन बिन बहुत दिन बीते, सुंदर प्रीतम मोर

चारि पहर चारो जुग बीते, रैनि गँवाई भोर

अवधि गई अजहूँ नहिं आए,

कतहुँ रहे चितचोर

कबहूँ नैन निरखि नहिं देखे,

मारग चितवत तोर

दादू ऐसे आतुर विरहिनि

जैसे चंद चकोर।

http://www.cgboardonline.com

अथवा

बसो मोरे नैनन में नंदलाल।

मोहनी मूरति सांवरि सूरति,

नैणा बने बिसाल।

अधर सुधारस मुरली राजत,

उर बैजंती-माल॥

छुद्र घंटिका कटि तट सोभित,

नूपुर सबद रसाल।

मीरा प्रभु संतन सुखदाई,

भगत बछल गोपाल॥

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

प्रश्न-14 नर्मदा सूख जाएगी तो हमलोग कैसे बच सकेंगे ? वनवासी स्त्री द्वारा यह बात क्यों कही गई ? लिखिए। [2+2=4]

*अथवा*

'बादल को घिरते देखा है' कविता के प्रकृति-चित्रण को अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न-15 'जनतंत्र का जन्म' पाठ के आधार पर लोकतांत्रिक देश में जनता को जागरूक होना क्यों आवश्यक है ? [4]

*अथवा*

फैक्टरी में काम करते हुए घायल / दुर्घटनाग्रस्त (दिव्यांग) मजदूरों के प्रति मालिकों की क्या-क्या जिम्मेदारियाँ होनी चाहिए ?

प्रश्न-16 आपका नाम अतुल है। आप नगरपालिका भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में रहते हैं। आप अपने क्षेत्र में फैली महामारी के रोकथाम हेतु नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए। [1+1+2+1=5]

*अथवा*

अच्छे साहित्य के अध्ययन से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए अपने छोटे भाई को एक प्रेरक पत्र लिखिए।

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

6 **प्रश्न-17** **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग *250-300* शब्दों में निबंध लिखिए :** [2+4+2=8]

(*i*) **जीवन में खेलों का महत्व**

(*ii*) **महँगाई की समस्या**

(*iii*) **विकास के पथ पर : छत्तीसगढ़**

(*iv*) **समय का सदुपयोग**

(*v*) **स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका**

7 **प्रश्न-18** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा गद्यांश के अंत में दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

''धर्म एक व्यापक शब्द है। इसमें संसार के प्रति सद्भावना निहित होती है। मज़हब, मत, पंथ या सम्प्रदाय धर्म के सीमित रूप हैं। संसार के सभी धर्म मूल रूप से एक ही हैं। सभी धर्म संसार के सभी प्राणियों के साथ उचित व्यवहार सिखाते हैं। ईश्वर किसी विशेष धर्म या जाति का नहीं है। सभी प्राणियों में एक प्राण स्पंदन होता है। उनके रक्त का रंग भी एक ही है। सुख-दुःख का भावबोध उनमें एक जैसा है। आकृति और वर्ण, वेशभूषा और रीति-रिवाज तथा नाम ये सभी ऊपरी वस्तुएँ हैं। ईश्वर ने मनुष्य या इंसान को बनाया है और इंसान ने बनाया है धर्म या मज़हब को। ध्यान रहे, मानवता या इंसानियत से बड़ा धर्म या मज़हब दूसरा कोई नहीं। यह मिलना सिखाता है, अलगाव नहीं। यह प्रेम सिखाता है, घृणा नहीं। यह सोच को उदार बनाता है, अनुदार नहीं।''

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

(*i*) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। [1]

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

(*ii*) धर्म में संसार के प्रति कैसा भाव निहित होता है ? [1]

(*iii*) संसार के सभी धर्मों के रूप को एक जैसा क्यों बताया गया है ? [1]

(*iv*) सभी प्राणियों में किस आधार पर समानता दिखाई देती है ? [1]

(*v*) इंसानियत का धर्म व्यक्ति को क्या-क्या सिखाता है ? [1]

(*vi*) विलोम शब्द लिखिए—धर्म, प्रेम, उदार, उचित। [1]

———

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से